**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.3498**
**17 दिसम्बर, 2024 को उत्तरार्थ**

**विषय: प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन**

**3498. श्री पर्वतगौड़ा चंदनगोड़ा गद्दीगौदर:**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 'राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन' योजना शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना का कुल परिव्यय कितना है और इसमें केन्द्र और राज्यों का हिस्सा कितना है तथा इस योजना के अंतर्गत अनुमानत: कितने किसानों के लाभान्वित होने की संभावना है; और

(ग) यह योजना किस हद तक रसायन मुक्त कृषि को बढ़ावा देने में सहायक होगी और खेती की लागत को कम करके किसानों की सहायता करेगी?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) से (ग) : जी, हां। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 25 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एन°एम°एन°एफ) को 2481 करोड़ रुपये के समग्र परिव्यय (भारत सरकार का हिस्सा-1584 करोड़ रुपये और राज्यों का हिस्सा-897 करोड़ रुपये) के साथ स्टैंडअलोन केंद्रीय प्रायोजित योजना के रूप में मंजूरी दी है।

इस मिशन का लक्ष्य प्राकृतिक खेती के अभ्यास -पैकेज, प्राकृतिक इनपुट की तैयारी आदि पर किसानों को व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करना है। इस योजना के अंतर्गत, किसानों को स्थानीय- स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक कृषि इनपुट तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए 10,000 आवश्यकता आधारित जैव-इनपुट संसाधन केंद्रों की योजना बनाई गई है, जिससे इनपुट की खरीद के लिए बाहरी बाजारों पर किसानों की निर्भरता कम हो जाएगी, जिससे खेती की लागत में कमी आएगी।

*****